आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 11.10.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- उत्तराखंड में ''युवा आपदा मित्र'' योजना शुरू; राज्य के 4 हजार 310 युवाओं को आपदाओं से निपटने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय स्वीकृति दी।
- उच्च जोखिम वाली हिमनद झीलों की पहचान और उनसे बाढ़ के ख़तरे का मूल्यांकन करने के लिये चमोली और उत्तरकाशी की दो प्रमुख झीलों–घरतोली ताल और केदारताल का सर्वेक्षण किया जाएगा।
- **और,** मुख्य सचिव आनन्द बर्धन ने राज्य की विकास परियोजनाओं की लागत को कम करने के प्रयास पर जोर दिया।

**युवा आपदा मित्र योजना**

उत्तराखंड में ''युवा आपदा मित्र'' योजना की शुरुआत हो गई है। इसके तहत राज्य के 4 हजार 310 युवाओं को भूकंप, बाढ़, भूस्खलन जैसी आपदाओं से निपटने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

योजना में एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र और स्काउट–गाइड के स्वयंसेवक शामिल हैं। यह योजना राज्य के 11 पर्वतीय जिलों में लागू की गई है।

हरिद्वार स्थित गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में 50 एनसीसी कैडेट्स के पहले प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत कल एनसीसी ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर प्रभात भंडारी ने की।

प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवकों को प्राथमिक चिकित्सा, खोज व बचाव कार्यों सहित रासायनिक और जैविक आपदाओं से निपटने के तरीके सिखाए जाएंगे। सभी प्रतिभागियों को आपातकालीन रिस्पॉन्स किट और तीन साल के लिए पांच लाख रुपये का बीमा कवर भी दिया जाएगा।

उम्मीद जताई जा रही है कि भौगोलिक रूप से संवेदनशील उत्तराखंड में प्रशिक्षित युवा आपदा मित्र आपदाओं के प्रभाव को काफी हद तक कम कर सकेंगे।

**वित्तीय स्वीकृति**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में विभिन्न विकास योजनाओं के लिए कुल एक हजार 29 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

इस राशि के तहत राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप जिला पंचायतों, शहरी निकायों और गैर–निर्वाचित निकायों को धनराशि जारी की गई है। मानसून के दौरान आपदा की संवेदनशीलता को देखते हुए हरिद्वार और उत्तरकाशी में आपदा निवारण और पुनर्निर्माण कार्यों के लिए भी बजट स्वीकृत किया गया है।

इसके अलावा श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में पुलों और सड़क निर्माण के कार्यों को मंजूरी दी गई है। राज्य आपदा मोचन निधि से राजस्व विभाग, देहरादून जिला प्रशासन और ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण को भी आवश्यक धनराशि आवंटित की गई है।

पौड़ी जिले के यमकेश्वर क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण कार्यों और विभिन्न जिलों में मलबा हटाने के लिए भी फंड स्वीकृत किया गया है। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने पिथौरागढ़ जिले में स्थित लंदन फोर्ट किले का नाम बदलकर "सोरगढ़ किला" रखने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है।

**औचक निरीक्षण**

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कल श्रीनगर गढ़वाल मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज परिसर, अस्पताल भवन, वार्डों और विभिन्न विभागों का जायजा लिया। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर अस्पताल में दी

जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। डॉ. कुमार ने सीटी स्कैन, एमआरआई और कैथ लैब की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए कहा कि विभाग कैथ लैब के नियमित संचालन नियमित के लिये प्रयास कर रहा है।

स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार, स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार काम कर रही है और अस्पतालों की व्यवस्थाओं की समीक्षा की जा रही है।

श्रीनगर प्रवास के दौरान डॉ. राजेश कुमार ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है और इसके प्रति समाज में जागरूकता जरूरी है।

स्वास्थ्य सचिव ने मेडिकल कॉलेज परिसर में नए जनसंपर्क केंद्र का उद्घाटन भी किया। उन्होंने बताया कि यह केंद्र मरीजों और उनके परिजनों की सुविधा के लिए कार्य करेगा। उन्होंने कॉलेज प्रशासन को ओपीडी सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने और ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों में नियमित स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए।

## कार्रवाई

नगर निगम हरिद्वार द्वारा सराय गांव में भूमि क्रय में अनियमितताओं के मामले में राज्य सरकार ने कार्रवाई तेज कर दी है। शासन ने तीन अधिकारियों– तत्कालीन जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह, तत्कालीन नगर आयुक्त वरुण चौधरी और तत्कालीन उप जिलाधिकारी अजयवीर सिंह के खिलाफ विभागीय जांच की प्रक्रिया शुरू की है।

गृह विभाग के अनुसार, प्रथम दृष्टया संलिप्तता पाए जाने पर अजयवीर सिंह के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई है। उन्हें पूर्व में आरोप पत्र जारी कर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया था। उनके उत्तर के बाद शासन ने अपर सचिव डॉ. आनन्द श्रीवास्तव को जांच अधिकारी नियुक्त किया है, जिन्हें एक माह के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

इसके अलावा, अन्य दो अधिकारियों– तत्कालीन जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह और नगर आयुक्त वरुण चौधरी की विभागीय जांच के लिए शासन ने आई.ए.एस अधिकारी सचिन कुर्वे को जांच अधिकारी नामित किया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के प्रति कतई न बर्दाश्त करने की नीति पर दृढ़ता से कार्य कर रही है। शासन व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है, और किसी भी स्तर पर अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## सर्वेक्षण

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, चमोली और उत्तरकाशी की दो प्रमुख झीलों घरतोली ताल और केदारताल का 13 से 25 अक्टूबर तक सर्वेक्षण कराएगा। यह सर्वेक्षण राष्ट्रीय हिमनद झील विस्फोट बाढ़ जोखिम न्यूनीकरण कार्यक्रम के तहत किया जाएगा।

उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने बताया कि इस सर्वेक्षण का उद्देश्य उच्च जोखिम वाली हिमनद झीलों की पहचान और उनके टूटने से संभावित बाढ़ जोखिम का मूल्यांकन करना है।

उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण कार्य में प्रशासन के अधिकारी भी भाग लेंगे। इसके साथ ही इनर लाइन परमिट, समन्वय और सहयोग सुनिश्चित करने के साथ जिला स्तर पर विस्तृत आपातकालीन रेस्क्यू प्लान भी तैयार किया जाएगा।

यह सर्वेक्षण उत्तराखंड राज्य आपदा परिचालन केंद्र और लखनऊ स्थित बीरबल साहनी पुरा वनस्पतिविज्ञान संस्थान द्वारा स्थानीय प्रशासन के सहयोग से किया जाएगा।

## बोर्ड बैठक

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने अधिकारियों से राज्य की विकास परियोजनाओं की लागत कम करने के प्रयास करने को कहा है। उन्होंने योजनाओं की पूर्ति के लिये लिये जाने वाले ऋण को कम से कम दर पर लेने को कहा। सचिवालय में उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड की 125वीं बोर्ड बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि आगामी बजट के लिए फरवरी–मार्च तक बोर्ड की संस्तुति अनिवार्य रूप से प्राप्त कर ली जाए।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि बोर्ड में सचिव वित्त और तकनीकी विशेषज्ञों को शामिल किया जाए, और तीनों विद्युत निगमों में विजिलेंस मैकेनिज्म जल्द तैयार किया जाए।

उन्होंने तकनीकी नवाचार को अपनाने से पहले उसका सीमित स्तर पर परीक्षण करने की सलाह दी, ताकि जोखिम कम हो।

**व्यय वित्त समिति बैठक**

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में व्यय वित्त समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न विभागों के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नंदा राजजात यात्रा से संबंधित सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि यात्रा शुरू होने से पहले सभी तैयारियां पूरी हो जानी चाहिए।

शारदा घाट पुनर्विकास से जुड़े प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि सौंदर्यीकरण और अन्य निर्माण कार्यों में स्वदेशी सामग्री को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने घाटों के निर्माण में ऐसी तकनीकों के उपयोग पर बल दिया, जिनमें रखरखाव की आवश्यकता कम हो। उन्होंने सुझाव दिया कि घाटों पर बनाए जाने वाले पैदल मार्गों को घास जैसी प्राकृतिक सामग्री से ठंडा रखा जा सकता है।

मुख्य सचिव ने आत्मनिर्भर भारत पर जोर देते हुए कहा कि विदेशी सामग्री की जगह स्वदेशी विकल्प अपनाने से परियोजनाओं की लागत घटेगी। यदि किसी विदेशी सामग्री का उपयोग आवश्यक हो तो उसके औचित्य को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाए।

**चर्चा/बैठक**

उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति को लेकर सेना अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सीमा क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विकास और विभिन्न परियोजनाओं की स्थिति पर चर्चा की गई। सिविल–मिलिट्री लाइजन की इस बैठक में जादुंग और नेलांग गांवों में सौर ऊर्जा संयंत्र, आरओ प्लांट, नेलांग के पास दर्शनीय स्थल और कैफे निर्माण, तथा झाला में एप्पल प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने पर विचार–विमर्श किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सीमांत क्षेत्रों के "वाइब्रेंट विलेज" में बुनियादी सुविधाओं का विकास सरकार की प्राथमिकता है। इन परियोजनाओं से स्थानीय निवासियों को सुविधाएं मिलने के साथ पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने विभागों को निर्देश दिए कि ऊर्जा, पेयजल और पर्यटन आधारित प्रस्तावों पर तेजी से कार्य किया जाए और एनओसी निर्गत प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए।

बैठक में "हर्षिल हैरिटेज फेस्टिवल" के आयोजन पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि यह उत्सव हर्षिल क्षेत्र के पर्यटन, संस्कृति और हस्तशिल्प को वैश्विक पहचान दिलाने में सहायक होगा। उन्होंने 25 से 31 दिसंबर के बीच महोत्सव आयोजित करने और इसकी विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

**और एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर........**

आज के समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को अपनी सुर्खी बनाया है। दैनिक जागरण समाचार पत्र की सुर्खी है–उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में भर्ती परीक्षा पर बड़ा निर्णय ले सकते हैं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से लिखा है– चारधाम मार्गों पर सुविधाएं और बढ़ाएंगे।

वहीं, श्री हेमकुंड साहिब के कपाट शीतकाल के लिए बंद होने की खबर भी सभी दैनिक अखबारों में प्रमुखता के साथ प्रकाशित की गई है।